तापमान
अधिकतम 31.8°C
न्यूनतम 15.7°C

हरिभूमि
सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

10 रामलीला : महाराज दशरथ ने पुत्र के वियोग में त्यागे प्राण



11 स्वास्थ्य कर्मियों ने एमओटीपी के विरोध में खोला मोर्चा



खबर संक्षेप

फैक्ट्री से आठ कॉपर पाइप चोरी, केस दर्ज

सोनीपत। प्याऊ मनियारी स्थित शुभ मल्टी प्रोडक्ट इंडस्ट्रीज में घुसकर चोरों ने आठ कॉपर पाइप चोरी कर लिए। वारदात बुधवार देर रात की है। फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में चार से पांच युवक पाइप ले जाते दिखाई दिए। कंपनी के मैनेजर की शिकायत पर कुंडली थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फैक्ट्री मैनेजर संदीप शर्मा ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि बुधवार रात करीब 1.40 बजे सीसीटीवी फुटेज देखने पर चोरी का पता चला। फुटेज में चार से पांच युवक कंपनी से पाइप ले जाते दिखाई दिए। जांच करने पर आठ कॉपर पाइप गायब मिले। मैनेजर ने चोरी में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के गांव जंगल शरैया बिलेरिया उर्फ जपती निवासी नीरज उर्फ काला और मुजफ्फरनगर जिले के गांव शरजापुर निवासी समीर के शामिल होने का आरोप लगाया है।

चाकू मारकर हत्या करने का आरोपी पकड़ा

सोनीपत। थाना राई पुलिस ने चाकू से युवक की हत्या के मामले में पांचवें आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान बिहार के भागलपुर जिले के गांव जमालपुर निवासी पुरुषोत्तम के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, 14 मार्च 2026 को दिल्ली के विकास कुंज निवासी अनिल ने शिकायत दी थी कि उसका ममेरा भाई राजू पुत्र फूलचंद लिवान में कपड़ों की रेहड़ी लगाता था और करीब पांच-छह महीने से अपने मामा के मकान में रह रहा था। 13 मार्च की रात वह दुकानदारी करने के बाद कमरे पर लौटा था। अगले दिन उसका शव कमरे में मिला। पुलिस ने इस मामले में हत्या का केस दर्ज किया था।

शराब तस्करी के आरोप में युवक गिरफ्तार

सोनीपत। थाना राई पुलिस ने केजीपी मार्ग पर अर्टिगा गाड़ी से अवैध शराब बरामद होने के मामले में आरोपित फरहान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, 24 सितंबर 2026 को डायल 112 की आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन टीम के प्रभारी सहायक उप निरीक्षक राजेश ने सूचना दी थी कि जाखोली टोल पार गाजियाबाद की तरफ केजीपी मार्ग पर एक अर्टिगा गाड़ी पकड़ी गई है, जिसमें अवैध शराब भरी हुई है। पुलिस को कार की तलाशी के दौरान 33 पेटियों में 1584 पव्वे मिले थे।

नागरिक अस्पताल में यूपीआई से जमा कर सकेंगे शुल्क, सोमवार से शुरू होगी सुविधा

डिजिटल भुगतान की सुविधा मिलने से मरीजों को नकदी साथ रखने और खुले पैसे जुटाने की परेशानी से राहत मिलेगी

ओपीडी पर्ची, प्रयोगशाला जांच और मेडिकल प्रमाण-पत्र के लिए क्यूआर कोड से भुगतान की तैयारी, नकद भी कर सकेंगे पेमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल में मरीजों और उनके तीमारदारों की सुविधा के लिए सोमवार, 19 अक्तूबर से डिजिटल भुगतान प्रणाली शुरू करने की योजना है। इसके तहत ओपीडी पर्ची बनवाने, प्रयोगशाला जांच, मेडिकल प्रमाण-पत्र सहित विभिन्न सेवाओं के लिए निर्धारित शुल्क यूपीआई और अन्य डिजिटल माध्यमों से जमा कराया जा सकेगा। इसके लिए संबंधित काउंटरों पर क्यूआर कोड लगाए जाएंगे। शनिवार से इस व्यवस्था का परीक्षण शुरू होने की संभावना है। डिजिटल भुगतान की सुविधा मिलने से मरीजों को नकदी साथ रखने और खुले पैसे जुटाने की परेशानी से राहत मिलेगी।

रोजाना 2000 की ओपीडी

नागरिक अस्पताल में रोजाना विभिन्न क्षेत्रों से करीब 2000 मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। इनमें से कई मरीजों को ओपीडी पर्ची बनवाने के दौरान खुले पैसे नहीं होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उन्हें खुले रुपये लेने के लिए इधर-उधर जाना पड़ता है। इससे न केवल मरीजों को असुविधा होती है, बल्कि कई बार भुगतान काउंटर पर भी प्रक्रिया प्रभावित होती है। इसी समस्या को दूर करने के लिए अस्पताल प्रबंधन डिजिटल भुगतान की व्यवस्था लागू करने की तैयारी कर रहा है।



सोनीपत। नागरिक अस्पताल में ओपीडी की पर्ची बनवाने के लिए लाइन में लगे मरीज व तीमारदार।

अस्पताल के सभी प्रमुख काउंटरों पर मिलेगी सुविधा

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, ओपीडी पर्ची काउंटर, प्रयोगशाला, टीकाकरण केंद्र, आपातकालीन विभाग और अन्य संबंधित काउंटरों पर क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान की सुविधा उपलब्ध करवाने की योजना है। मरीज अपने मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर निर्धारित शुल्क जमा कर सकेंगे। इससे भुगतान प्रक्रिया आसान होने के साथ ही मरीजों और उनके परिजनों को नकदी की व्यवस्था करने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रबंधक मरीजों को बेहतर सेवाएं देने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। मरीजों की सेवा ही उनका ध्येय है।

प्री-रजिस्ट्रेशन काउंटर भी शुरू करने की तैयारी



मरीजों की सुविधा के लिए अस्पताल में प्री-रजिस्ट्रेशन काउंटर भी सोमवार से शुरू करने की योजना है। इससे पंजीकरण प्रक्रिया को सुगम बनाने और मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने में मदद मिलेगी। डिजिटल भुगतान शुरू होने से शुल्क जमा करने में लगने वाले समय की बचत होने और भुगतान का रिकॉर्ड उपलब्ध रहने से वित्तीय पारदर्शिता बनाए रखने में भी सहायता मिलेगी।

अधिकारी और कर्मचारी मरीजों का करेंगे सहयोग

सिविल सर्जन डॉ. अलंकृता गेरा ने बताया कि नई व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू करने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक प्रबंध पूरे करने के निर्देश दिए गए हैं। मरीजों को डिजिटल भुगतान की प्रक्रिया के बारे में उचित जानकारी भी दी जाएगी। जिन मरीजों या उनके तीमारदारों के पास ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी, वे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नकद भुगतान कर सकेंगे। किसी भी मरीज को डिजिटल भुगतान की सुविधा नहीं होने के कारण परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। अधिकारी व कर्मचारी मरीजों का सहयोग करेंगे।

प्लॉट दिलाने का झांसा देकर 20 लाख ₹ लूटे

■ मेरठ के वकील से मुरथल बुलाकर वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

- जीरकपुर में 40 लाख में तय हुआ था 200 गज के प्लॉट का सौदा
- दो साथियों के साथ कार में आया था आरोपी हरप्रीत, केस दर्ज

जीरकपुर में प्लॉट दिलाने का झांसा देकर मेरठ निवासी वकील को मुरथल बुलाया और पिस्तौल के बल पर 20 लाख रुपये लूट लिए। वारदात दिल्ली-पानीपत हाईवे पर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास हुई। पीड़ित की शिकायत पर मुरथल थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश के मेरठ स्थित सोमदत्त विहार कॉलोनी निवासी शशांक दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में वकालत करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि दिल्ली के पहाड़गंज निवासी सोहेल के माध्यम से उनकी पहचान पंजाब के जीरकपुर निवासी हरप्रीत से हुई थी। हरप्रीत ने वीडियो कॉल पर उन्हें 200 गज का प्लॉट दिखाया था। इसका सौदा 40 लाख रुपये में तय हुआ था। आरोप है कि हरप्रीत ने आधी रकम लेकर मुरथल आने को कहा। शशांक के अनुसार, वह वीरवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे 20 लाख रुपये लेकर अपने दोस्त सोहेल के साथ कार से मुरथल पहुंचे। इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास हरप्रीत अपने दो साथियों के साथ कार में मिला। बातचीत के दौरान रुपये देखने के बाद एक युवक ने उन पर पिस्तौल तान दी और नकदी से भरा बैग छीन लिया। आरोप है कि तीनों आरोपी कार लेकर भागने लगे तो शशांक ने उन्हें रोकने के लिए कार के बोनट पर लटकने का प्रयास किया। इसी दौरान कार दौड़ाने से वह नीचे गिरकर घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पराली के स्टॉक में आग से 20 लाख का नुकसान, ट्रैक्टर चालक पर आरोप

सोनीपत। गांव हसनपुर में खेत में जमा पराली के गट्ठों में आग लगने से करीब 20 लाख रुपये का नुकसान हो गया। किसान रणबीर सिंह ने अपने ट्रैक्टर चालक दिनेश पर जानबूझकर आग लगाने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर मुरथल थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रणबीर सिंह ने पुलिस को बताया कि वह खेतीबाड़ी के साथ किसानों से पराली खरीदकर गत्ता फैक्टरियों में बेचते हैं। उन्होंने करीब दो एकड़ जमीन पर पराली का स्टॉक जमा किया था। इसके लिए जानकारों और रिश्तेदारों से भी रुपये उधार लिए थे। 11 अक्तूबर को दोपहर करीब एक बजे उन्हें पराली में आग लगने की सूचना मिली। वह मौके पर पहुंचे और डायल 112 के साथ दमकल विभाग को सूचना दी, लेकिन तब तक आग पराली के पूरे स्टॉक में फैल चुकी थी। किसान ने सीसीटीवी फुटेज में चालक के दिखाई देने का दावा भी किया है।

- हसनपुर में दो एकड़ में जमा की थी किसानों से खरीदी पराली, सीसीटीवी फुटेज में चालक के दिखाई देने का दावा

डॉ. आनंद बने सीडीएलयू में प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस

सोनीपत। दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल के पूर्व सांस्कृतिक सलाहकार डॉ. आनंद शर्मा का चयन चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा में प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस पद पर हुआ है। वह हिंदू कॉलेज, सोनीपत के पूर्व विद्यार्थी हैं और रंगमंच, साहित्य तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं।



डीसीआरयूएसटी में कार्यकाल के दौरान डॉ. आनंद शर्मा ने सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं, हरियाणा दिवस समारोह, युवा महोत्सवों, सेमिनारों और वेबिनारों के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने और कला-संस्कृति से जुड़ने के अवसर मिले। कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने मार्च 2020 से सामान्य स्थिति बहाल होने तक अपना पूरा वेतन विश्वविद्यालय के राहत कोष में दान कर दिया था। उनके इस कदम को सामाजिक जिम्मेदारी और संस्थान के प्रति समर्पण का उदाहरण माना गया। डॉ. आनंद शर्मा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के हिंदी विभाग तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के पूर्व विद्यार्थी हैं। उन्होंने हिंदी विषय में डी.लिट. की उपाधि प्राप्त की है। उनकी उपलब्धि पर डीसीआरयूएसटी के प्रो. विजय कुमार, प्रो. अशोक शर्मा, डॉ. रचना गुप्ता और विजय खत्री ने प्रसन्नता जताते हुए बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि डॉ. शर्मा अपने अनुभव से विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देंगे और रंगमंच व सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देंगे।

फैक्ट्री संचालक को लूटने वाले चार दोषियों को 10-10 साल की कैद

■ अदालत ने दोषियों पर 25-25 हजार जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



रामनगर रोड पर फैक्ट्री संचालक की कार के शीशे तोड़कर उन पर हमला करने और नकदी व जमीन के दस्तावेजों से भरा बैग लूटने के मामले में अदालत ने चार दोषियों को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरताज बसवाना की अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि में से 50 हजार रुपये पीड़ित को मुआवजे के रूप में देने के निर्देश दिए गए हैं। मामले में शामिल दो नाबालिगों से संबंधित सुनवाई किशोर न्यायालय में चल रही है। अभियोजन पक्ष के अनुसार दिल्ली के पीतमपुरा निवासी विनोद जिंदल ने 25 जून 2018 को मुरथल थाना पुलिस को शिकायत दी थी। उन्होंने बताया था कि रामनगर रोड पर उनकी फैक्ट्री है। घटना वाले दिन दोपहर करीब एक बजे वह कार से फैक्टरी के गेट पर पहुंचे थे। इसी दौरान कार सवार युवकों ने लोहे की रॉड और डंडों से उनकी कार पर हमला कर दिया। हमलावरों ने कार के आगे और पीछे के शीशे तोड़ दिए और विनोद जिंदल पर भी वार कर उन्हें घायल कर दिया। इसके बाद आरोपित कार में रखा बैग छीनकर फरार हो गए। बैग में 60 हजार रुपये नकद, गांव पिपली खेड़ा की करीब 27 कनाल जमीन के मूल दस्तावेज और गांव बड़ी की जमीन की 15 लाख रुपये की मूल रसीद थी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस ने पहले दो नाबालिगों को अभिरक्षा में लिया। इसके बाद गांव गुमड़ निवासी मनोज, दीपक और राहुल तथा गांव पांची निवासी संदीप उर्फ सिपा उर्फ नीना को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल लोहे की रॉड, लूटा गया सामान और कार बरामद करने का दावा किया था। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने गवाहों के बयान और अन्य साक्ष्य अदालत में पेश किए। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने मनोज, दीपक, राहुल और संदीप उर्फ सिपा उर्फ नीना को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई। जुर्माना अदा नहीं करने पर प्रत्येक दोषी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

पोस्टमार्टम के बाद सागर और कार्तिक के शव परिजनों को सौंपे

गन्नौर। शाहपुर तगा स्थित बाबा मोहनदास 108 गोशाला में पानी से भरे गड्ढे में डूबने से जान गंवाने वाले दो सगे भाइयों सागर और कार्तिक का शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद थाना बड़ी पुलिस ने दोनों के शव स्वजनों को सौंप दिए। पिता संदीप के बयान के आधार पर पुलिस ने इत्तिफाकिया कार्रवाई की है। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के बिनौली गांव निवासी संदीप गोशाला में गोवंश को चारा डालने का काम करता है। वह काफी समय से गोशाला में काम कर रहा था। कुछ महीने पहले वह अपने घर चला गया था। बुधवार को वह परिवार के साथ दोबारा गोशाला आया था और वीरवार से काम शुरू किया था। वीरवार शाम को उसके सात वर्षीय बेटे सागर और छह वर्षीय कार्तिक खेलते समय गोशाला परिसर में शेड निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में गिर गए। देर शाम तक दोनों बच्चों का पता नहीं चलने पर गोशाला कर्मियों ने तलाश शुरू की। इस दौरान दोनों के शव पानी से भरे गड्ढे में मिले। जानकारी के अनुसार, गोशाला में शेड निर्माण के लिए पिलर लगाने के उद्देश्य से बुधवार को करीब चार फीट गहरा गड्ढा खोदा गया था। वीरवार को बारिश होने से उसमें पानी भर गया, जिसके चलते निर्माण कार्य भी रोकना पड़ा था। इसके बावजूद गड्ढे के आसपास बच्चों को जाने से रोकने के लिए घेराबंदी या अन्य सुरक्षा प्रबंध नहीं किए गए थे। इसी दौरान खेलते समय दोनों भाई गड्ढे में गिरने के बाद डूब गए।

- गोशाला के पानी से भरे गड्ढे में डूब गए थे दोनों भाई

अनाज मंडी में किसानों की परेशानी पर प्रधान सचिव सख्त, 24 घंटे में व्यवस्था सुधारने के निर्देश

स्थानीय मिलरों के समय पर नहीं पहुंचने से खरीद प्रभावित उठान में देरी और बारिश में धान भीगने पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

- सहकारिता विभाग के प्रधान सचिव पंकज ने खरीद व उठान की जानकारी ली

रोहतक रोड स्थित नई अनाज मंडी में धान की खरीद और उठान में देरी, बारिश में फसल भीगने और किसानों को हो रही परेशानी का मामला शुक्रवार को प्रशासन के उच्च अधिकारियों तक पहुंच गया। सहकारिता विभाग के प्रधान सचिव पंकज यादव ने मंडी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान खामियां मिलने और खरीद व उठान में देरी पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने हैफेड अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए और लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त नेहा सिंह भी मौजूद रहीं। प्रधान सचिव ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से धान की खरीद और उठान की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने मंडी में सफाई सहित किसानों की सुविधा से जुड़ी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने और खरीद प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। पंकज यादव ने कहा कि स्थानीय मिलरों के समय पर नहीं पहुंचने के कारण धान की खरीद प्रभावित हो रही है। खरीद एजेंसियों और मिलरों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित कर खरीद और उठान में तेजी लाई जाए, ताकि किसानों को फसल बेचने के लिए अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट किया कि मंडी में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। गौरतलब है कि वीरवार को हुई बारिश के कारण मंडी में खुले में पड़ी धान की फसल भीग गई थी। इससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ा। वहीं खरीद और उठान में देरी के कारण किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए लंबे समय तक मंडी में इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं मंडी में पीआर धान लेकर पहुंचे किसानों की परेशानी भी बनी हुई है। शुक्रवार को सरकारी खरीद नहीं होने पर किसानों ने रोष जताया। कई किसान कई दिनों से फसल लेकर मंडी में बैठे हैं। बारिश के बाद धान में नमी कम करने के लिए कुछ किसानों ने फसल को मंडी के फर्श पर फैला दिया। किसानों ने सरकार से पीआर धान की सरकारी खरीद जल्द शुरू कराने की मांग की। मार्केट कमेटी सोनीपत के सचिव जितेंद्र कुमार ने बताया कि बारिश के कारण धान की आवक में कमी आई है। खेतों में कटाई दोबारा शुरू होने पर मंडी में आवक बढ़ने की संभावना है। किसानों को परेशानी से बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।



सोनीपत। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से बातचीत करते प्रधान सचिव पंकज यादव।

बारिश से धान की आवक में आई कमी

बारिश के कारण मंडी में धान की आवक प्रभावित हुई है। सामान्य दिनों में यहां रोजाना 20 से 25 हजार क्विंटल धान पहुंच रहा था, जबकि शुक्रवार को करीब सात हजार क्विंटल की आवक दर्ज की गई। वीरवार को पहुंची और शुक्रवार को खरीदी गई फसल को मिलाकर करीब 10 हजार क्विंटल धान की खरीद हुई। धान की 1509 किस्म के भाव चार हजार रुपये प्रति क्विंटल तक रहे, जबकि पिछले सप्ताह इसका भाव करीब 4,200 क्विंटल था।

संत समागम के लिए यातायात स्वास्थ्य और जल निकासी के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश



सोनीपत। अधिकारियों की बैठक लेतीं उपायुक्त नेहा सिंह।

- 23 से 26 तक समालखा में होगा 79वां वार्षिक संत समागम, भिगान टोल प्लाजा पर दो लेन आरक्षित रखने की तैयारी

सोनीपत। समालखा स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर 23 से 26 अक्तूबर तक आयोजित होने वाले 79वें वार्षिक संत समागम की तैयारियों को लेकर उपायुक्त नेहा सिंह ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के मद्देनजर यातायात, स्वास्थ्य सेवाओं और जल निकासी सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि समागम में दिल्ली सहित विभिन्न क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु बसों और निजी वाहनों से पहुंचेंगे। ऐसे में जीटी रोड पर यातायात सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस विस्तृत प्रबंधन योजना तैयार करे। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी भिगान टोल प्लाजा पर दो लेन आरक्षित रखने की व्यवस्था करें, ताकि श्रद्धालुओं की आवाजाही सुगम रहे और यातायात बाधित न हो। उन्होंने जीटी रोड पर बरसाती पानी की निकासी के पुख्ता प्रबंध करने के भी निर्देश दिए।

शादी की कहासुनी में युवक ने होटल में फंदा लगाया

सोनीपत। सोनीपत में शुक्रवार को गीता भवन चौक के पास स्थित एक होटल के कमरे में युवक ने फंदा लगाकर जान देने का प्रयास किया। युवक अपनी महिला मित्र के साथ खरीदारी करने सोनीपत आया था। दोनों होटल के कमरे में ठहरे हुए थे। इसी दौरान शादी में आ रही बाधा और पारिवारिक अनबन को लेकर उनके बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद युवती बाथरूम में चली गई। इसी बीच युवक ने उसकी चुन्नी से फंदा लगा लिया। बाथरूम से बाहर आने पर युवती ने उसे फंदे पर लटका देखा तो उसके पैर पकड़कर ऊपर उठाया और शोर मचा दिया। लोगों की मदद से युवक को नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पंचकूला निवासी करीब 26 वर्षीय नीतीश की सोनीपत के पास एक कॉलोनी में रहने वाली युवती से करीब पांच साल से जान-पहचान थी। युवती एमबीए की पढ़ाई कर रही है। बताया गया है कि दोनों के परिजन उनकी शादी के लिए राजी थे, लेकिन किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। शुक्रवार सुबह करीब 9:30 बजे दोनों गीता भवन चौक के पास स्थित एक होटल में पहुंचे और कमरा नंबर 408 लिया। कमरे में शादी को लेकर बातचीत के दौरान उनके बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद युवती बाथरूम में चली गई और नीतीश ने उसकी चुन्नी से फंदा लगा लिया। युवती ने उसे फंदे पर लटका देखा तो तुरंत मदद के लिए शोर मचाया।

- महिला मित्र भी युवक के साथ थी
- पंचकूला का रहने वाला है युवक

कुश्ती अखाड़ा केसरी-कुमार दंगल के ट्रायल 17 व 18 अक्टूबर को

खरखौदा। खेल विभाग की ओर से आयोजित की जाने वाली राज्य स्तरीय कुश्ती अखाड़ा केसरी-कुमार दंगल प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला) में जिले के खिलाड़ियों के चयन के लिए जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 17 व 18 अक्टूबर को प्रताप स्कूल, खरखौदा में किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला केसरी-कुमार खिताब प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 24 अक्टूबर तक जिला पलवल में किया जाएगा। वहीं, अंडर-17 एवं अंडर-20 आयु वर्ग के पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 29 अक्टूबर से 1 नवंबर तक खेल विश्वविद्यालय, राई, सोनीपत में आयोजित होगी। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए जिले के खिलाड़ियों का चयन निर्धारित प्रक्रिया के तहत किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपना निवास प्रमाण पत्र अथवा आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र अथवा दसवीं कक्षा की मार्कशीट की प्रति तथा पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर आना अनिवार्य है। प्रतियोगिता संलग्न सूची में निर्धारित भार वर्गों के अनुसार आयोजित की जाएगी। जिला खेल अधिकारी ने विशेष रूप से बताया कि 17 अक्टूबर को सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का वजन सुबह 7:30 बजे लिया जाएगा।

लक्ष्मण को रिझाने में नाक-कान खो बैठी शूर्पणखा

रामलीला : महाराज दशरथ ने पुत्र के वियोग में त्यागे प्राण



सोनीपत। सोनीपत कामी रोड स्थित रामलीला मैदान में राम-लक्ष्मण की आरती कर मंचन का शुभारंभ करते श्रद्धालु।



सोनीपत। सोनीपत रामलीला मैदान में महाराज दशरथ के प्राण त्यागने के प्रसंग का मंचन करते वृंदावन के कलाकार। **फोटो : हरिभूमि**

- श्री रामलीला सभा और श्री ठाकुरद्वारा पंचायती मंदिर सेवा समिति की ओर से कामी रोड स्थित रामलीला मैदान में मंचन का रहा छठा दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

श्री रामलीला सभा और श्री ठाकुरद्वारा पंचायती मंदिर सेवा समिति की ओर से कामी रोड स्थित रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला मंचन के छठे दिन दशरथ देह त्याग, भरत मनावन, जयंत प्रसंग, मुनि मिलन, सूर्पनखा नाशा भंग के प्रसंगों का मंचन किया गया। वृंदावन से आए कलाकारों ने अपने अभिनय से रामायण के प्रसंगों को जीवंत कर दिया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व निगम पार्षद हरिप्रकाश सैनी, बड़ा बाजार स्वर्णकार समाज के प्रधान नीरज वर्मा, प्रवीण जैन, सागर वालिया, अरमान नैन ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय राजनीतिक संयोजक अरुण बंसल और मंच संचालन गजेंद्र सलूजा ने किया। वृंदावन से आचार्य सौरभ द्विवेदी, टीवी फेम स्वामी शिवदयाल शर्मा और स्वामी गिरिराज प्रसाद शर्मा के मार्गदर्शन में कलाकारों ने दर्शाया कि श्रीराम, माता जानकी व लक्ष्मण के साथ 14 वर्षों के लिए वन को जाते हैं, तो महाराज दशरथ उनके वियोग में प्राण त्याग देते हैं। जब भगवान राम भरत को समय से पहले अयोध्या जाने से मना कर देते है, तो भरत श्रीराम की खड़ाऊ को राज प्रतिनिधि के रूप में अयोध्या ले आते हैं। वह भगवान श्रीराम की खड़ाऊ का राजतिलक कर प्रण लेते हैं कि जब तक श्रीराम अयोध्या वापस नहीं आते, तब तक वनवासी जीवन व्यतीत करेंगे। वनवास के दौरान रावण की बहन शूर्पणखा श्रीराम की कुटिया में पहुंच जाती है। श्रीराम की सुंदरता पर मोहित हो वह सुंदर रूप धारण करके उनके समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखती है, जिसे प्रभु राम यह कहकर मना कर देते हैं कि उन्होंने पत्नी व्रत लिया हुआ है। तब शूर्पणखा लक्ष्मण को रिझाने की कोशिश करती है, यहां भी उसे निराशा मिलती है, तो वह गुस्से में अपने असली रूप में आकर माता जानकी को खत्म करने के लिए आगे बढ़ती है, इस पर लक्ष्मण को गुस्सा आ जाता है और वह तलवार से शूर्पणखा के नाक और कान काट देते हैं।

ये मौजूद रहे

इस मौके पर महेंद्र मंगला, राजकुमार गोयल, अमित शौनक, प्रवीन गोयल, अमित कुच्छल, महेंद्र वर्मा, राहुल अग्रवाल और अनिल जैन सहित संस्थाओं के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

न्यूज डायरी

कविता पाठ एवं स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता आयोजित



खरखौदा। सावित्रीबाई फुले कन्या महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में 'कविता पाठ एवं स्टोरी टेलिंग' कार्यक्रम का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। यह संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अनिल कुमार की अध्यक्षता में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल संयोजन एवं संचालन अंग्रेजी विभाग के डॉ. सीमांत एवं डॉ. सारिका संयोजक के कुशल निर्देशन में हुआ। अंग्रेजी कविता पाठ में पारुल ने प्रथम, चेतना ने द्वितीय व मोनिका ने तृतीय, कहानी प्रतिगोगिता में तमन्ना ने प्रथम, ऋतु ने द्वितीय, तन्नु एवं वंशिका ने तृतीय प्राप्त किया।



भक्तिमय भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी

राई। 'डिवाइन बीट्स एंड इंग्लिश ट्रीट्स' दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में किया गया। इसमें कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भक्तिमय भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। वहीं, अंग्रेजी नाटकों के माध्यम से दया, नैतिक मूल्यों और सही निर्णय लेने का संदेश दिया। नन्हे विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता और प्रभावशाली अभिव्यक्ति ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भावना कपूर, डॉ. लक्ष्य दुजेजा और डॉ. इशानी दुजेजा उपस्थित रहे।



अस्थायी संबद्धता के लिए विवि की टीम ने किया निरीक्षण

सोनीपत। राजकीय महिला महाविद्यालय, सोनीपत में शुक्रवार को भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां की निरीक्षण टीम ने विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं विषयों की अस्थायी संबद्धता के लिए निरीक्षण किया। इसका उद्देश्य बीए अंग्रेजी पाठ्यक्रम तथा बीए द्वितीय वर्ष में शारीरिक शिक्षा और संस्कृत विषयों के संचालन के लिए उपलब्ध शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं का मूल्यांकन करना था। विश्वविद्यालय की निरीक्षण टीम में डॉ. अमृता, डॉ. श्रीलेखा चौबे और डॉ. बबीता शामिल रहीं। टीम ने महाविद्यालय में कक्षाओं, पुस्तकालय, शैक्षणिक संसाधनों और अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही संबंधित पाठ्यक्रमों के संचालन से जुड़े अभिलेखों और व्यवस्थाओं की भी जांच की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. किरण सरोहा और रजिस्ट्रार डॉ. नवीन वशिष्ठ उपस्थित रहे।



वर्षा भाषण में व शिवानी निबंध लेखन में प्रथम

सोनीपत। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गढ़ी ब्राह्मणान में शुक्रवार को जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें जिले के सातों ब्लॉकों से भाषण और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और विचारों के माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों का संदेश दिया। भाषण प्रतियोगिता में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कथूरा की वर्षा ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की यशिका ने दूसरा और पीएम ग्लोबल स्कूल, कामी की अंजली ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की शिवानी पहले, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुमड़ की कीर्ति दूसरे और पीएस पब्लिक स्कूल, भूरी की एकता मलिक तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिताओं का आयोजन बीआरसी सोनीपत कार्यालय की शशि प्रभा और कमलेश की देखरेख में हुआ। निर्णायक मंडल में प्रमिला, मीनाक्षी, सविता गुलिया, अनीता हुड्डा और रीना शामिल रहीं। इस अवसर पर सरकारी व निजी विद्यालयों के शिक्षक और विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

मंडौरा में किसानों को किए बीज वितरित



खरखौदा। गांव मांडौरा स्थित आरएसवीसी केंद्र में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों के सहयोग से किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से लगभग 30-35 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आईसीएआर के वैज्ञानिक डॉ. नयन अहमद, डॉ. विकास कुमार तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सर्वेंद्र उपस्थित रहे। इस अवसर पर वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को बीज वितरित किए गए तथा कृषि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, बेहतर कृषि उत्पादन तथा आधुनिक कृषि पद्धतियों के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों तक कृषि संबंधी उपयोगी जानकारी पहुंचाना और उन्हें बेहतर कृषि पद्धतियां अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर आर.एस.वी.सी. के चेयरमैन गोयल उपस्थित रहे। दहिया खाप के प्रधान जयपाल दहिया ने भी किसानों को को एक अच्छी पहल बताया सेन्टर के डायरेक्टर सितेन्द्र दहिया ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा नई दिल्ली और सभी किसानों का सेन्टर पर पहुंचने पर सभी का धन्यवाद किया कार्यक्रम में प्रमोद एवं सहित अन्य प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी ने किसानों के विकास, कृषि क्षेत्र में सुधार तथा ग्रामीण समुदाय को नई तकनीकों से जोड़ने के महत्व पर चर्चा की। आर.एस.वी.सी. केंद्र, मंडौरा द्वारा किसानों के हित में जागरूकता एवं विकास संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम किसानों को नई जानकारी उपलब्ध कराने और उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में सहायक हैं। संगोष्ठी में रमेश चन्द्र, रजनीश, दिनेश, देवराज, यश वमा, सतराम, धर्म सिहं, वजीर सिहं, समुद्ध सिहं, जयपाल सिहं आदि किसानों ने भाग लिया।

कन्या पूजन के साथ बेटियों के सम्मान व संस्कारों का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। महलाना रोड स्थित स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व सारथी जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी। **फोटो : हरिभूमि**

सारथी जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में शुक्रवार को महलाना रोड स्थित शिव शक्ति स्कूल में "कन्या पूजन आखिर कब तक" थीम पर कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कन्या पूजन की परंपरा के साथ-साथ समाज में बेटियों के सम्मान, शिक्षा और उनके प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत नौ कन्याओं का तिलक लगाकर एवं चरण स्पर्श कर विधिवत पूजन करके की गई। कन्याओं को पाठ्य सामग्री एवं फल भेंट कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

ट्रस्ट के संरक्षक अधिवक्ता अशोक शर्मा ने विद्यार्थियों से अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में संस्कारों की नींव बचपन से ही रखी जानी चाहिए। उन्होंने अध्यापकों एवं अभिभावकों का आह्वान किया कि वह बच्चों को केवल किताबी शिक्षा तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें अच्छे संस्कार, मानवीय मूल्यों एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी दें। मंच संचालन किरण बाला ने करते हुए ट्रस्ट की गतिविधियों एवं कार्यक्रम की रुपरेखा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बेटियों का सम्मान केवल एक दिन या एक आयोजन तक सीमित नहीं होना चाहिए। सभी ने स्वर्गीय सतपाल अहलावत को भावभीनी श्रद्धांजलि एवं स्मरण करते हुए उनकी धर्मपत्नी कांता देवी व पुत्र सिद्धार्थ को ट्रस्ट के कार्यक्रमों में शामिल होने का आग्रह किया। सेवानिवृत्त आईजी सुमन मंजरी ने कहा कि बेटियों का सम्मान केवल पूजा तक सीमित न रहे, बल्कि उनके अधिकार, शिक्षा, सुरक्षा व समान अवसरों के रूप में भी दिखाई दे। यही एक सशक्त एवं संस्कारवान समाज की पहचान है। प्राचार्य भावना आंतिल ने सारथी जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सामाजिक एवं संस्कारपरक आयोजनों से विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच विकसित होती है।

ये मौजूद रहे

इस दौरान कृष्ण वत्स, सुशील गोयल, अधिवक्ता अनिल जैन, गीता रानी गुप्ता, सुमन गर्ग, लज्जा गोयल मौजूद रही।

छात्राओं ने पोस्टर और नारों से दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए नारा लेखन और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्राओं ने हेलमेट व सीट बेल्ट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने और सावधानीपूर्वक वाहन चलाने का संदेश दिया। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी ने छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हेलमेट को बोझ नहीं, बल्कि सुरक्षा का साधन समझना चाहिए। प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। सड़क सुरक्षा संयोजिका डॉ. स्मृति अग्रवाल ने भी सुरक्षित वाहन चलाने का संदेश दिया। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में बीएससी बायोटेक्नोलॉजी प्रथम वर्ष की ईशा प्रथम, तृतीय वर्ष की उर्वशी द्वितीय और प्रथम वर्ष की ज्योति तृतीय स्थान पर रही। महक को सांत्वना पुरस्कार मिला। नारा लेखन में लाइफ साइंसेज प्रथम वर्ष की आयुषी प्रथम, बीकॉम तृतीय वर्ष की शीतल द्वितीय तथा बीएससी बायोटेक्नोलॉजी की स्वाति व प्रीति तृतीय स्थान पर रहीं। एमकॉम अंतिम वर्ष की सानिया कामरा को सांत्वना पुरस्कार मिला। निर्णायक मंडल में रोहिणी मदान, संगीता शर्मा और डॉ. वंदना मलिक शामिल रहीं। आयोजन में पूजा सरोहा, डॉ. कुसुम, डॉ. पिंकी, वंदना सचदेवा और वंदना ने सहयोग दिया।



सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में प्रदर्शनी का आवलोकन करते हुए।

पांच छात्राओं का विश्वविद्यालय की बास्केटबॉल टीम के लिए हुआ चयन



सोनीपत। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), रोहतक के खेल परिसर में 13 और 14 अक्टूबर को आयोजित अंतर महाविद्यालय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में टीकाराम कन्या महाविद्यालय की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में टीकाराम कन्या महाविद्यालय और एमकेजेके कॉलेज, रोहतक की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर टीकाराम कन्या महाविद्यालय की पांच छात्राओं का चयन विश्वविद्यालय की बास्केटबॉल टीम के लिए हुआ है। इस उपलब्धि पर कॉलेज की प्राचार्या प्रो. डॉ. ऊषा दहिया ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की। शारीरिक शिक्षा विभाग की प्राध्यापिका डॉ. सुमन मान ने बताया कि छात्राओं ने प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत और लगन से महाविद्यालय को यह उपलब्धि मिली है। टीकाराम एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने भी सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राजकीय महाविद्यालय में तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

राई। सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता एवं तंबाकू विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़खालसा के ब्लॉक हेल्थ एजुकेटर राजेश दहिया ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. दिनेश कुमार ने की। राजेश दहिया ने विद्यार्थियों को तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। तंबाकू से दूर रहकर ही स्वस्थ जीवन की दिशा में कदम बढ़ाया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. विक्रम कुमार, डॉ. अजय कुमार, दीपिका, अंकित और अमीर सहित अन्य उपस्थित रहे।

ब्राइट स्कॉलर स्कूल के तविश ने हॉकी में जीता स्वर्ण पदक

सोनीपत। रोहतक में आयोजित 59वीं हरियाणा राज्य खेल प्रतियोगिता 2026 में ब्राइट स्कॉलर स्कूल के छात्र तविश ने हॉकी में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में प्रदेश की 16 टीमों ने भाग लिया और बेहतर प्रदर्शन के लिए मुकाबला किया। कड़े मुकाबले में तविश की टीम ने सेमीफाइनल में 3-0 से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद फाइनल मुकाबले में कैथल की टीम को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। तविश के प्रदर्शन से स्कूल में खुशी का माहौल है। तविश के पिता भी हॉकी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके हैं। उनकी उपलब्धि पर स्कूल की प्राचार्या डॉ. किरण दलाल ने तविश को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता उसकी मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने तविश को आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए इसी तरह बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।



सोनीपत। विजेता खिलाड़ी के साथ प्राचार्या एवं अन्य। **फोटो : हरिभूमि**



पुलिस लाइन में रक्तदान शिविर, 32 यूनिट एकत्रित

सोनीपत। सोनीपत पुलिस की ओर से शुक्रवार को पुलिस लाइन सोनीपत में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। शिविर में पुलिसकर्मियों और आम नागरिकों ने हिस्सा लेते हुए 32 यूनिट रक्त एकत्रित किया। पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने रक्तदाताओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों और ऑपरेशन के दौरान जरूरतमंद मरीजों को रक्त की आवश्यकता होती है। ऐसे में रक्तदाताओं का योगदान किसी का जीवन बचाने में अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि सोनीपत पुलिस कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए भी प्रतिबद्ध है। रक्तदान जैसे आयोजन समाज में सहयोग, भाईचारे और जनसेवा की भावना को मजबूत करते हैं। पुलिस ने आमजन से चिकित्सकीय रूप से पात्र होने पर स्वेच्छा से रक्तदान करने की अपील की।

जीवन शैली टीकाराम सीनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल में योग कार्यशाला लगाई

इनरव्हील क्लब ने छात्राओं को योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। इनरव्हील क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में योग सीखती छात्राएं।

इनरव्हील क्लब सोनीपत की ओर से टीकाराम सीनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल में योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्राओं को योग के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। योग प्रशिक्षक राकेश अग्रवाल ने प्रतिभागियों को विभिन्न योग विधियों का सरल तरीके से अभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होने के साथ मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा भी मिलती है।

छात्राओं को योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया

क्लब की अध्यक्ष डॉ. कमलेश मलिक ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। भारतीय षड्दर्शन में सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, मीमांसा और वेदांत शामिल हैं। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की कला है। उन्होंने छात्राओं को योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सिम्मी दहिया, सुखदा नागपाल और शांति सोलंकी सहित क्लब की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं। सभी ने कार्यशाला में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय प्रबंधन ने आयोजन के लिए क्लब का आभार जताया। क्लब की वाइस प्रेसिडेंट सुषमा दहिया ने योग प्रशिक्षक राकेश अग्रवाल, विद्यालय की प्राचार्या उषा नैन, स्टाफ सदस्यों और छात्राओं का सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

12 दिसंबर को दिल्ली में होगी राष्ट्रीय कर्मचारी आक्रोश रैली : सुभाष लांबा

सोनीपत। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर 12 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में राष्ट्रीय कर्मचारी आक्रोश रैली आयोजित की जाएगी। रैली की तैयारियों को लेकर विभिन्न राज्यों में जिला स्तरीय सम्मेलन किए जा रहे हैं।

महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने 16 अक्टूबर को यह जानकारी दी। सुभाष लांबा ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, ठेका और संविदा कर्मचारियों को नियमित करने, आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें निर्धारित समय में लागू करने तथा सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर स्थायी भर्ती प्रमुख मांगें हैं।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का स्कूलों को अलर्ट जारी, सामान्य फीस के साथ समय पर प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश

कक्षा 10वीं-12वीं की एलओसी जमा करवाने के मात्र 5 दिन शेष

स्कूलों को 21 अक्टूबर तक अवधि का रिमाइंडर

- बोर्ड की हिदायत निर्धारित फीस के साथ विद्यार्थियों का विवरण जांचने के बाद ही जमा करवाई जाए सूची
- निदेशालय के निर्देशानुसार मामले में लापरवाही नहीं होगी मान्य, विद्यार्थियों का विवरण गलत दर्ज करने से बढ़ सकती हैं अनावश्यक परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबंधित स्कूलों की कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों की सूची (एलओसी) जमा करवाने के मात्र 5 दिन शेष बचे हैं। ऐसे में निदेशालय ने स्कूलों को अलर्ट जारी करते हुए निर्देश दिए हैं कि सभी स्कूल सामान्य फीस के साथ निर्धारित समय अवधि 21 अक्तूबर तक विद्यार्थियों की एलओसी जमा करवाने की प्रक्रिया को पूरा करें। साथ ही लापरवाही से बचने की सलाह दी गई है, क्योंकि गलत विवरण दर्ज होने से स्कूलों के साथ विद्यार्थियों की अनावश्यक परेशानी बढ़ सकती है।

सीबीएसई ने जारी पत्र में स्कूलों को विद्यार्थियों का पूरा विवरण जांचने के बाद ही सूची अंतिम रूप से जमा करवाने की हिदायत भी दी है, ताकि भविष्य में विद्यार्थियों को परीक्षा से जुड़ी किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

वहीं निदेशालय ने एनओसी जमा करने के लिए पहले जारी किए गए निर्देशों को दोहराते हुए स्कूलों से 5 प्रमुख बातों पर अमल करने की बात कहीं है। इनमें विद्यार्थियों का सही व पूर्ण विवरण जमा करवाया जाए। साथ ही विद्यार्थियों की ओर से चुने गए विषयों का विवरण सही हो, एलओसी निर्धारित समय-सीमा के भीतर जमा की जाए। इसके अलावा सभी पात्र विद्यार्थियों की निर्धारित फीस का भुगतान समय पर करने के साथ एलओसी अनिवार्य रूप से जमा करवाना सुनिश्चित करें। सीबीएसई ने रिमाइंडर में 17 सितंबर को जारी एलओसी सर्कुलर का हवाला देते हुए प्रधानाचार्यों से निर्देशों का पालन करने को कहा है। यह रिमाइंडर परीक्षा संबंधी प्रक्रिया को समय पर पूरा कराने के उद्देश्य से जारी किया गया है। अब स्कूलों के पास एलओसी जमा करने के लिए 5 दिन ही बचे हैं।

ऐसे में प्रबंधन व परीक्षा विभाग को आपसी समन्वय के साथ काम करते हुए तय अवधि में पात्र विद्यार्थियों की सूची व फीस संबंधी प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

अंतिम तारीख का इंतजार न करने की हिदायत

जिला कोऑर्डिनेटर प्रेम कुमार ओझा के अनुसार सीबीएसई की स्पष्ट हिदायत है कि विशेष रूप से कक्षा 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के विषयों का मिलान स्कूल के रिकॉर्ड से करना जरूरी है। किसी विद्यार्थी का विवरण छूटने या विषयों की जानकारी गलत दर्ज होने पर बाद में अनावश्यक परेशानी हो सकती है। एलओसी जमा करने की प्रक्रिया तय अवधि के भीतर पूरी की जाए। ऐसे में स्कूलों को सलाह दी गई है कि वह अंतिम तारीख का इंतजार करने के बजाय विद्यार्थियों के रिकॉर्ड, विषयों के चयन व फीस संबंधी जानकारी की समय रहते जांच कर लें।

सीबीएसई स्कूलों में फिटनेस गतिविधियों को बढ़ावा देने की पहल, शिक्षा के साथ मनोरंजन का प्रयास

- स्कूलों में 31 अक्टूबर तक मनाया जाएगा फिट इंडिया फ्रीडम रन 2026 का 7वां संस्करण
- प्रबंधकों को निर्देश, फिट इंडिया पोर्टल पर दर्ज करना होगा प्रतिभागियों का रिकॉर्ड व गतिविधियों संबंधी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सीबीएसई संबंधी स्कूलों में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ मनोरंजन एवं फिटनेस गतिविधियों को बढ़ावा देने की पहल की है। इसी उद्देश्य के साथ स्कूलों में 31 अक्तूबर तक फिट इंडिया फ्रीडम रन-2026 के सातवें संस्करण के तहत विभिन्न फिटनेस गतिविधियों जैसे दौड़, पैदल चलना व अन्य विभिन्न खेल कार्यक्रमों का आयोजन करवाने के निर्देश दिए हैं। इस अभियान का मकसद विद्यार्थियों, शिक्षकों सहित अभिभावकों में प्रतिदिन मनोरंजक एवं शारीरिक गतिविधियों की अलख जगाना है। निर्देशालय ने सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को पत्र जारी कर अभियान में अधिक से अधिक विद्यार्थियों व शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सीबीएसई के निर्देशानुसार फिट इंडिया फ्रीडम रन की शुरुआत वर्ष 2020 में फिट इंडिया मूवमेंट के तहत की गई थी। इस बार अभियान की थीम रन एनीवेयर, एनीटाइम है। इसके तहत प्रतिभागी अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी स्थान व समय दौड़ में हिस्सा ले सकते हैं। स्कूलों में विद्यार्थियों की सुविधा व उपलब्ध संसाधनों के अनुसार दौड़, वॉक, अन्य उपयुक्त फिटनेस गतिविधियां कराई जा सकती हैं। अभियान के अंतर्गत मनोरंजन के साथ फिटनेस अर्थात रोजाना कम से कम 30 मिनट शारीरिक गतिविधि के लिए निकालकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया जाएगा। 15 दिन के बाद 31 अक्तूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर अभियान का समापन यूनिटी रन के साथ होगा। अभियान के जरिए विद्यार्थियों व शिक्षकों में फिटनेस के साथ स्वच्छता, अनुशासन व एकता का संदेश दिया जा सकेगा। साथ ही ऐसी गतिविधियों से उन्हें नियमित व्यायाम जैसी आदतों पर अमल करने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सीख मिल सकेगी।



पोर्टल पर दर्ज करना होगा प्रतिभागियों का रिकॉर्ड

सीबीएसई के जिला कोऑर्डिनेटर प्रेम कुमार ओझा ने बताया कि स्कूल प्रबंधन अभियान संबंधी पंजीकरण व जानकारी के लिए फिट इंडिया फ्रीडम रन-2026 पोर्टल से जानकारी जुटा सकते हैं। अभियान में स्कूल अपनी सुविधानुसार फिटनेस कार्यक्रम आयोजित कर सकेंगे। कार्यक्रमों में विद्यार्थियों व शिक्षकों की प्रतिभागिता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही फिट इंडिया पोर्टल पर स्कूलों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रुपरेखा से लेकर प्रतिभागियों की संख्या व दौड़ या पैदल एक्टिविटी संबंधी तय दूरी का विवरण पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य रहेगा। इससे गतिविधियों के साथ प्रतिभागियों का रिकॉर्ड भी रखा जा सकेगा।

विवि की छात्राओं ने गरबा नृत्य में दी मनमोहक प्रस्तुति



गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विवि गरबा नाइट का आयोजन किया गया। छात्रावासों में रहने वाली छात्राओं ने पारंपरिक गरबा नृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत, लोक परंपराओं व सांस्कृतिक विविधता की मनमोहक छटा बिखेरी। छात्रावास छात्रा समिति से अंशु गोयल, दीपिका शर्मा, मुस्कान, परी, खुशी, खुशी रंधावा एवं उनकी टीम के संयुक्त प्रयास से आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने पारंपरिक संगीत की धुनों पर गरबा नृत्य का आनंद लिया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सज कर छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजन छात्राओं को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोडने के साथ उनमें रचनात्मकता, आत्मविश्वास, आपसी सहयोग और एकता की भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं।

अपने पैर न डगमगाने दें युवा, नशे से रहें दूर : अनिल



गोहाना। जवाहर लाल नेहरू वमावि, गोहाना शुक्रवार को किशोरावस्था के विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए एक विशेष सेमिनार आयोजित किया गया। राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्य स्तरीय परियोजना बाल सलाह परामर्श एवं कल्याण केंद्रों के तत्वावधान में यह कार्यक्रम अंधेरे से रोशनी की ओर एक कदमः नशा मुक्त सुरक्षित समाज निर्माण में किशोर युवाओं की भूमिका विषय पर आधारित रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। मुख्य वक्ता के रोहतक के मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि युवाओं अच्छे और बुरे की पहचान करके समझदारी से जीवन में आगे बढना चाहिए। किशोरावस्था में युवा साहस भरे निर्णय, बहादुरी, आलोचनात्मक सोच और नैतिक मूल्यों जैसे गुणों के आधार पर ही अपनी सशक्त पहचान बनाते हैं।

स्वास्थ्यकर्मियों ने एमओटीपी के विरोध में खोला मोर्चा



सोनीपत। बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के सदस्यों ने स्वास्थ्य विभाग की ऑनलाइन तबादला नीति (एमओटीपी) के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। एसोसिएशन के सदस्यों ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को शहर में प्रदर्शन किया। लघु सचिवालय में पहुंचने पर तहसीलदार कीर्ति को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने एमपीएचडब्ल्यू वर्ग को ऑनलाइन तबादला नीति से बाहर रखने की मांग की। एसोसिएशन के जिला सचिव राजकुमार नैय्यर, प्रदेश महासचिव सहदेव सांगवान और सर्व कर्मचारी संघ के संयुक्त सचिव नवीन नरवाल ने ऑनलाइन तबादला नीति पर सवाल उठाए। इस दौरान बढ़खालसा के प्रधान संजय, गोहाना ब्लॉक प्रधान प्रदीप आर्य, मुंडलाना ब्लॉक सचिव मोहित वर्मा, आनंद, राजेश, मनीष दहिया और सुमित भी मौजूद रहे।

प्रताप स्कूल में स्टूडेंट वेल-बीइंग काउंसलिंग सेमिनार



खरखौदा। प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खरखौदा में छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्टूडेंट वेल-बीइंग काउंसलिंग सेमिनार आयोजित किया गया। कक्षा छठी से बारहवीं तक की छात्राओं के लिए आयोजित इस सत्र में किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक परिवर्तनों के बारे में वैज्ञानिक और सरल तरीके से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्टूडेंट वेल-बीइंग विशेषज्ञ प्राची चौधरी ने छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले बदलावों, मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और भावनात्मक मजबूती के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि किशोरावस्था जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण है, जिसमें शरीर के साथ-साथ सोच, व्यवहार और भावनाओं में भी कई परिवर्तन आते हैं। इन बदलावों को समझना और सहजता से स्वीकार करना स्वस्थ व्यक्तित्व के विकास के लिए आवश्यक है।

जजपा स्थापना दिवस 6 दिसंबर को महेंद्रगढ़ में मनाएगी



सोनीपत। जननायक जनता पार्टी (जजपा) अपना नौवां स्थापना दिवस 6 दिसंबर को महेंद्रगढ़ में मनाएगी। वहीं विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाताओं के नाम काटने और गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में मामूली बढ़ोतरी के विरोध में पार्टी 21 अक्टूबर को प्रदेश के सभी 23 जिलों में जिला उपायुक्तों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजेगी। यह निर्णय शुक्रवार को सोनीपत में आयोजित जजपा की राष्ट्रीय और प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। जजपा प्रमुख डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि महेंद्रगढ़ में स्थापना दिवस पर कार्यकर्ता अपनी ताकत दिखाएंगे। भाजपा सरकार पर कुशासन और सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप लगाया। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि एसआईआर के माध्यम से लाखों मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं।

अपनी ही अंतरकलह से बिखर चुकी कांग्रेस : अरविंद



गोहाना। प्रदेश के सहकारिता, कारागार, पर्यटन, विरासत एवं निर्वाचन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि भाजपा ने हरियाणा प्रदेश का चहुंमुखी विकास करवाया है। प्रदेश विकास के मामले में इतना आगे बढ़ चुका जिसकी कांग्रेस ने कल्पना तक नहीं की थी। अब कांग्रेस पार्टी के पास कोई मुद्दा नहीं है। कांग्रेस पार्टी खुद की अंतरकलह से बुरी तरह बिखर चुकी है। मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने बिना पर्ची-बिना खर्ची के आधार पर युवाओं को सरकारी नौकरियां देकर व्यवस्था में पारदर्शिता कायम की है। प्रदेश के सभी क्षेत्रों में समान विकास को प्राथमिकता दी गई है। पिछले 12 वर्षों में हरियाणा में विकास के जो कार्य हुए हैं, उनकी कांग्रेस ने कभी कल्पना भी नहीं की होगी। भाजपा की नीतियों से समाज का हर वर्ग खुश है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के पास अब जनता के सामने रखने के लिए कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है। कांग्रेस पार्टी अपनी ही अंतरकलह से बिखर चुकी है। कांग्रेस के नेता वर्चस्व की लड़ाई में खुद ही कांग्रेस पार्टी का बेड़ा गरक करने में लगे हुए हैं।

सड़क के बीचोंबीच गिरा सफेदे का पेड़, रास्ता प्रभावित

गोहाना। आईटीआई के पास स्थित गली में सफेदे का एक पेड़ टूटकर गिर गया। पेड़ सक्र के बीचोंबीच गिरने से गली का रास्ता प्रभावित हुआ। गनीमत रही कि पेड़ रात के समय टूटा। यदि यही घटना दिन में होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। गली के पास ही सीएसडी कैंटीन है, जहां दिनभर सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके स्वजन की आवाजाही रहती है। पेड़ टूटकर सीएसडी कैंटीन की दीवार के अंदर तक जा पहुंचा। कैंटीन के आसपास दिन में काफी भीड़ रहती है। गली में भी लोग अपने वाहन खड़े करते हैं। ऐसे में दिन के समय पेड़ गिरने से जान-माल का नुकसान होने की आशंका थी। रात के समय घटना होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। कई पेड़ खतरनाक स्थिति में, छंटाई की मांग आईटीआई परिसर में गली के साथ काफी संख्या में पेड़ खड़े हैं।

गांव कंवाली में मारपीट में घायल बुजुर्ग की मौत

सोनीपत/खरखौदा। गांव कंवाली में लाठी-डंडों से हमले में गंभीर रूप से घायल लाल सिंह (62) की उपचार के दौरान मौत हो गई। उन्होंने वीरवार रात पीजीआई रोहतक में दम तोड़ दिया। इसके बाद पुलिस ने मामले में हत्या की धारा जोड़ दी है। शुक्रवार को गांव में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वहीं, परिजनों ने दूसरे नामजद आरोपित की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। मामले में एसपी खरखौदा ने जांच अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। गांव निवासी सचिन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनके पिता लाल सिंह गांव की फिरनी पर सरकारी स्कूल के रास्ते के पास दीया पकाने की भट्ठी लगाकर काम करते थे। पांच अक्तूबर की रात करीब साढ़े 11 बजे वह भट्ठी देखने के लिए घर से निकले थे। रात करीब 12 बजे वह खून से लथपथ हालत में घर लौटे थे।

इनेलो नेता होशियार सिंह को भार्या शोक

खरखौदा। इनेलो के वरिष्ठ नेता होशियार सिंह किढ़ौली की धर्मपत्नी प्रकाशवती का निधन हो गया है। वह 79 वर्ष की थी और कई दिन से अस्वस्थ थी। पारिवारिक सदस्यों के अनुसार उन्हें श्रद्धांजलि देने को 18 अक्टूबर को शोक सभा आयोजित की जाएगी।

सूचना

मैं, श्रीमती सुरेश पत्नी सुभाष पुत्र चन्द्रभान निवासी शेखपुरा, तहसील गन्नौर, जिला सोनीपत बयान करती हूं कि मेरा पुत्र प्रवेश मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं उसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



छह खिलाड़ियों का एसजीएफआई राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन

गन्नौर। रौनक पब्लिक स्कूल, गन्नौर के छह प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) की राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर इन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई है। चयनित विद्यार्थियों में कक्षा नौवीं-बी के आरुष, कक्षा 11वीं-डी के निकुंज, कक्षा आठवीं-सी के देव वत्स, कक्षा 12वीं-बी की दिशा, कक्षा दसवीं-सी की पलक और कक्षा सातवीं-बी की वंशिका शामिल हैं। अब ये सभी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने का प्रयास करेंगे। विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, नियमित अभ्यास, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ खेलों को भी समान महत्व देना आवश्यक है।



जनकल्याणकारी नीतियों, विकास कार्यों और योजनाओं पर मंथन

राई। भाजपा के सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड नंबर 7 में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सोनीपत विधायक निखिल मदान और भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम के संयोजक ललित तुशीर ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कुंडली चेयरमैन शिमला देवी, पार्षद सुरेंद्र मदान, एडवोकेट प्रिया गुलिया, नीलू शर्मा, मंडल अध्यक्ष इंदर चौहान, सरपंच जयराम शर्मा, उपाध्यक्ष सुंदर कौशिक, महामंत्री अनिल कौशिक, पार्षद हर्ष भारद्वाज, दीपक शर्मा, सुरेश शर्मा, कपिल कौशिक और मास्टर रोहताश शर्मा मौजूद रहे। इसके अलावा आरडब्ल्यूए टस्कन के प्रधान जी. बी. कुमार, समुंदर और मंजीत राना भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों, विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। ललित तुशीर, संयोजक सेवा संकल्प अभियान, कुंडली मंडल एवं उपाध्यक्ष भाजयुमो, कुंडली मंडल ने सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

गन्नौर अड्डे पर दोनों तरफ करीब 40 लाख से बनेगा 6 फीट चौड़ा फुटपाथ

- विधायक कादियान ने नारियल फोड़कर किया उद्घाटन
- गन्नौर का चहुंमुखी विकास मेरी पहली प्राथमिकता : कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन करते हुए । फोटो : हरिभूमि

शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और पैदल राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गन्नौर अड्डे पर फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा। शुक्रवार को हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने नारियल फोड़कर इस निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन किया। गन्नौर अड्डा (बस स्टैंड) पर दिल्ली से पानीपत और पानीपत से दिल्ली साइड में सड़क के दोनों तरफ करीब 400 मीटर लंबा और 6 फीट चौड़ा फुटपाथ बनाया जाएगा। इस कार्य पर लगभग 40 लाख रुपए की लागत आएगी। उद्घाटन के दौरान विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि इस फुटपाथ के बनने से न केवल बस स्टैंड और हाईवे के आसपास के क्षेत्र की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि सबसे बड़ा फायदा पैदल चलने वाले राहगीरों और यात्रियों को होगा। गन्नौर अड्डे पर भारी वाहनों के दबाव के कारणा हमेशा हादसों का अंदेशा बना रहता था।

भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलकर ही समाज में समरसता संभव : कमल दिवान

- दशहरा महोत्सव : धूमधाम से निकली श्रीराम जी की बारात, मुख्य अतिथि कमल दिवान ने की आरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल दिवान का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

दशहरा महोत्सव के उपलक्ष्य में शहर के चार मरला, शांति पार्क के समीप श्री राम दल हनुमान सभा द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की भव्य बारात का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के शहरी अध्यक्ष कमल दिवान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर प्रभु श्रीराम और माता सीता के स्वरूपों की विधिवत पूजा-अर्चना व पावन आरती की। कमल दिवान के आयोजन स्थल पर पहुंचने पर सभा के प्रधान कुलदीप भोले और अन्य पदाधिकारियों ने फूल-मालाएं पहनाकर और पगड़ी बांधकर उनका भव्य स्वागत एवं नागरिक अभिनंदन किया। इसके पश्चात कमल दिवान ने हरी झंडी दिखाकर और भगवान के रथ की आरती उतारकर शोभायात्रा का शुभारंभ कराया।



35 लाख रुपये से बनी बंजारा चौपाल का विधायक ने किया उद्घाटन

राई। आरके कॉलोनी में 35 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित बंजारा चौपाल का उद्घाटन विधायक कृष्णा गहलावत ने किया। कार्यक्रम में मेयर राजीव जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देना और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। बंजारा चौपाल बनने से क्षेत्र में सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा मिलेगा। यहां लोग विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर सकेंगे। मेयर राजीव जैन, पार्षद निशा, मोनू, भूपेंद्र, कृष्णा, प्रेम कुमार, दीपक, राजेंद्र बंजारा, साहब सिंह, राजू बंजारा, दीपक सहित अनेक मौजूद थे।



नमो सेवा गाथा से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी बूथ स्तर तक पहुंचाने पर जोर

सोनीपत। सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को राई विधानसभा के मुरथल और कुंडली मंडल में नमो सेवा गाथा कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुरथल मंडल का कार्यक्रम गांव गढ़ शाहजान और कुंडली मंडल का कार्यक्रम राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित टीडीआई टस्कन सिटी में हुआ। विधायक एवं जिला संयोजक निखिल मदान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की यात्रा सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रही है। कहा कि धारा 370 हटाने, राम मंदिर निर्माण और चिनाब रेल पुल जैसी उपलब्धियों ने देश के विकास को नई दिशा दी है। जनधन, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, हर घर नल से जल और कौशल विकास जैसी योजनाओं से आमजन को लाभ मिला है।

धर्म-कर्म | प्राचीन परंपरा अनुसार माता रानी का श्रृंगार कर, सवामनी का भोग लगाकर 21 कन्याओं का किया पूजन

नवरात्र उत्सव में कन्याओं की भ्रूण हत्या रोकने, पराई स्त्री को मां-बहन की नजर से देखने का संकल्प लें : मेयर

शारदीय नवरात्र उत्सव : सिद्धपीठ चिटाने वाली माता मंदिर में मनाया छठ की कढ़ाई महोत्सव

- सातवें नवरात्र में आज अलसुबह सप्तमी मेले में प्रस्थान करेगी श्रीदेवी चिट्ठाने वाली माता, पूजन के लिए प्रदेश ही नहीं देशभर से पहुंचेंगे भारी संख्या में श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत





सोनीपत। सुनारों वाली गली स्थित सिद्धपीठ श्री देवी चिटाने वाली माता मंदिर में पूजा-अर्चना करते मेयर राजीव जैन तथा सुनारों वाली गली स्थित सिद्धपीठ श्री देवी चिटाने वाली माता मंदिर में महाआरती करते पंडित अमित शौनक व श्रद्धालु।

शारदीय नवरात्र उत्सव के छठे दिन श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की पूजा-अर्चना कर सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। सुनारों वाली गली स्थित सिद्धपीठ श्री देवी चिटाने वाली माता मंदिर में माता रानी की पूजा-अर्चना कर छठ की कढ़ाई महोत्सव श्रद्धाभाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। माता रानी की सवामनी की कढ़ाई कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। पंडित अमित व राजेश शौनक ने अलसुबह माता को समुंद्र के जल व चंदन से स्नान करवाकर उनका श्रृंगार किया। महाआरती के पश्चात 21 कन्याओं का पूजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मेयर राजीव जैन आरती में शामिल हुए। मेयर राजीव जैन ने श्रद्धालुओं के साथ कन्या पूजन करके कहा कि जिस तरह से मां ने विभिन्न रूप धारण कर दुष्टों का संहार किया।

कात्यायनी स्वरूप की आराधना से हर मनोकामना पूर्ण



सोनीपत। नवरात्र उत्सव के पांचवें दिन श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा का विधिविधान से पूजन किया। नंदवानी नगर स्थित श्री शिव शक्ति धाम में शुक्रवार को अंजनी देवा दास गिरी महाराज व आचार्य रामकृष्ण पाठक ने मां के कात्यायनी स्वरूप का पूजन किया। सुबह माता रानी का विधिवत पंचामृत से अभिषेक पूजन किया गया। आचार्य रामकृष्ण पाठक ने बताया कि मां दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की आराधना करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मान्यता है कि भागवत महापुराण के अनुसार गोपी ने भगवान श्रीकृष्ण को पति रूप में पाने के लिए रेत (बालू) से कात्यायनी देवी की प्रतिमा बनाकर पूजन किया गया था। षष्ठी तिथि को भगवान श्रीकृष्ण गोपी को प्राप्त हुए और उनकी मनोकामनाएं पूर्ण की। महर्षि कात्यायन के यहां माता का जन्म होने के पश्चात उनका नाम कात्यायनी पड़ा था। इस दौरान मंदिर के मुख्य सचिव अमित, काकू छाबड़ा, भगवान दास, जतिन, सुनीता मौजूद रहे।

Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

ON ALL MRP 6% OFF

DUSSEHRA DHAMAKA SALE

UPTO 80% OFF

ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
FREE 1 LTR
Only one offer can be claimed per bill.

ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
FREE 1 LTR
Only one offer can be claimed per bill.

17 Oct to 20 Oct

SONIPAT | GOHANA

आपको और आपके परिवार को दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं!

MEWA WALA DRYFRUITS — UPTO 50% OFF
KHUSHI`S MASALE — BUY 1 GET 1 FREE
COMPLAN ROYAL CHOCOLATE 700 G — BUY 1 GET 1 FREE
DABUR GHEE — BUY 1 GET 1 FREE
MARVEL PREMIUM TEA 250GM / 1KG — BUY 1 GET 1 FREE
PRO NATURE KABULI CHANA 1KG — BUY 1 GET 1 FREE
GM POHA CLASSIC (500G) — BUY 1 GET 1 FREE

FRESCA / MANIA 1 LTR — BUY 1 GET 3 FREE
PRABHAS GHEE (1 LTR) — BUY 1 GET 1 FREE
DEEHAT MAKHANA — BUY 1 GET 1 FREE
COCA / SPRITE FANTA / LIMCA 2LTR — ₹79
REDBULL — MRP - ₹125 — ₹99
PEPSI / MIRINDA / 7UP MOUNTAIN DEW 2.25 L — ₹79
MINCHY'S JUICE — BUY 1 GET 1 FREE

MCCAIN 1.25 KG — BUY 1 GET 1 FREE
LAHORI ZEERA PACK OF 24 — MRP - ~~₹240~~ — ₹190
TIP TOP / FUN FLIP — BUY 1 GET 1 FREE
UTSAV PAPAD — BUY 1 GET 1 FREE
PRO NATURE KAJU 250 GM — BUY 1 GET 1 FREE
PRO NATURE KALA CHANA / MAKHANA — BUY 2 GET 1 FREE
BEANUT PEANUT BUTTER 1 KG — BUY 1 GET 1 FREE

XCITE NOODLES (330 G) — BUY 1 GET 1 FREE
VANDNAM BHOG SOOJI -MAIDA - DALIYA 500g — BUY 1 GET 1 FREE
TOPS TOMATO KETCHUP 850G — BUY 1 GET 1 FREE
APIBEE HONEY — BUY 1 GET 1 FREE
BREGANO PASTA FUSILLI 450GM — BUY 1 GET 2 FREE
GOOD LUCK NAMKEEN — BUY 1 GET 2 FREE
COCOSUTRA BREAKFAST CEREALS — BUY 1 GET 1 FREE

REAL MASALA JUICE — BUY 1 GET 1 FREE
BEVZILLA PREMIUM CLASSIC & MOCHA COFFEE 200GM — BUY 1 GET 2
NISHA BISCUIT 300GM — BUY 1 GET 2
FORTUNE MUSTARD OIL 1L — MRP- ~~₹230~~ — ₹195
FORTUNE AATA — 10KG — MRP - ~~₹485~~ — ₹415
SHILLS WIPES / MASK — BUY 1 GET 2 FREE
MR. FREEZE / PAGRO FROZEN TREAT GREEN PEAS 500GM — ₹59

TOP / MOTHER PICKLE 950G — BUY 1 GET 1 FREE
RAJDHANI BESAN 1 KG — MRP - ~~₹150~~ — ₹105
AASHIRVAAD ATTA 10KG — MRP - ~~₹499~~ — ₹445
PATANJALI SENSITIVE PASTE 150GM /50GM — BUY 1 GET 2 FREE
LITTLES / TULIPS SENSITIVE BABY WET WIPES 72N — BUY 1 GET 2 FREE
EXO DISHWASH LIQUID 1.5 LTR — BUY 1 GET 1 FREE
KTRIQ / IHP — BUY 1 GET 1 FREE

Sonipat
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur,
Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555

Gohana
Elenta Mart, Old Bus Stand Road,
Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

*T& C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.